This Question Paper consists of 43 questions and 23 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 43 प्रश्न तथा 23 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

**Code No.** **67/SS/A**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION
# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा
# (376)

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................................

***General Instructions* :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any *one* of the four alternatives given in the question, i.e., (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.

7. In case of any doubt or confusion in the Question Paper, the English version will prevail.

8. Write your Question Paper Code No. 67/SS/A, Set A on the Answer-Book.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/SS/A, सेट A लिखें।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा

# (376)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This question paper consists of 43 questions in all.

(ii) All questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

Q. Nos. **1** to **16**—Multiple-choice questions (MCQs) carry *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

Q. Nos. **17** to **29**—Objective-type questions included Reading Comprehension Passage (Q. Nos. **17–19**), Match the Column (Q. No. **20**), True/False (Q. Nos. **21–23**), Fill in the Blanks (Q. Nos. **24–26**) and One Word Answer Questions (Q. Nos. **27–29**). An internal choice has been provided in some of these questions. Attempt questions based on specific instructions for each part.

Q. Nos. **30** to **35**—Very short answer-type questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

Q. Nos. **36** to **41**—Short answer-type questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

Q. Nos. **42** and **43**—Long answer-type questions carrying *5* marks each to be answered in the range of 80 to *120* words.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 43 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं, जिसमें प्रत्येक का *1* अंक है। इनमें से प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में आपको केवल **एक** का ही उत्तर देना है।

प्रश्न संख्या **17** से **29** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें शामिल हैं रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन पैसेज (प्रश्न संख्या **17–19**), कॉलमों का मिलान (प्रश्न संख्या **20**), सही/गलत (प्रश्न संख्या **21–23**), रिक्त स्थानों की पूर्ति (प्रश्न संख्या **24–26**) तथा एक शब्द में उत्तर (प्रश्न संख्या **27–29**)। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया है। इन प्रश्नों को प्रत्येक भाग में दिए गए निर्देश के अनुसार हल कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

प्रश्न संख्या **30** से **35** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *2* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *30* से *50* शब्दों में दें।

प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के *3* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *50* से *80* शब्दों में दें।

प्रश्न संख्या **42** और **43** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जिनमें से प्रत्येक के *5* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *80* से *120* शब्दों में दें।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

Select and write the correct answer from the options given :

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखें :

**1.** Bal Mandir, a pre-school, was founded by

(A) Gijubhai Badheka (B) Mahatma Gandhi

(C) Maria Montessori (D) Tarabai Modak 1

बाल मंदिर नामक प्री-स्कूल की स्थापना किसके द्वारा की गई?

(A) गिजुभाई बधेका (B) महात्मा गाँधी

(C) मारिया मोंटेसरी (D) ताराबाई मोदक

*Or / अथवा*

Integrated Child Development Services (ICDS) was launched by the Government of India in

(A) 1976 (B) 1985

(C) 1975 (D) 1966

एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आइ० सी० डी० एस०) का गठन भारत सरकार द्वारा किस वर्ष में किया गया था?

(A) 1976 (B) 1985

(C) 1975 (D) 1966



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**2.** World Education Forum was organized in 2015 in

(A) New York, USA (B) Bangkok, Thailand

(C) Paris, France (D) Incheon, Korea 1

विश्व शिक्षा मंच (वर्ल्ड एजुकेशन फोरम) वर्ष 2015 में कहाँ आयोजित हुआ?

(A) न्यूयॉर्क, अमरीका (B) बैंकॉक, थाईलैंड

(C) पेरिस, फ्रांस (D) इंचियोन, कोरिया

*Or / अथवा*

Nutan Bal Shikshan Sangh was founded in

(A) Mumbai (B) Kanpur

(C) Bhavnagar (D) Ahmedabad

नूतन बाल शिक्षण संघ की स्थापना कहाँ की गई थी?

(A) मुंबई (B) कानपुर

(C) भावनगर (D) अहमदाबाद

**3.** Maternal mortality rate refers to

(A) death rate of mother due to lack of nutrition

(B) death of infant due to lack of proper growth and development

(C) death of women that occurs due to complications during pregnancy and child birth

(D) birth and death rate of unborn child 1

मातृ मृत्यु दर से तात्पर्य है

(A) पोषण की कमी से माता की मृत्यु दर

(B) उचित वृद्धि और विकास की कमी से शिशु की मृत्यु

(C) बच्चे के जन्म और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु

(D) अजन्में बच्चों की जन्म और मृत्यु दर

*Or / अथवा*

Article 24 pertains to

(A) raising of the level of nutrition

(B) prohibition of employment of children in factories

(C) provide early childhood care and education

(D) the tender age of children is not abused



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

अनुच्छेद 24 किससे संबंधित है?

(A) पोषण के स्तर को बढ़ाने से

(B) बच्चों का फैक्ट्रियों में रोज़गार में निषेध से

(C) प्रारंभिक शिशु देखभाल और शिक्षा प्रदान करने से

(D) कच्ची उम्र के बच्चों के साथ दुर्व्यवहार न हो

**4.** At birth and during the first year of life

(A) the child is at greatest risk of mortality

(B) the child is at highest level of immunity to disease

(C) the child has low risk of mortality

(D) the child is dependent only for nutrition 1

जन्म के समय और जीवन के प्रथम वर्ष के दौरान

(A) बच्चे की मृत्यु का अधिक खतरा होता है

(B) बच्चा रोग-प्रतिरक्षा के उच्चतम स्तर पर होता है

(C) बच्चे की मृत्यु का कम खतरा होता है

(D) बच्चा केवल पोषण पर आश्रित होता है

*Or / अथवा*

The full form of IMR is

(A) Infant Malnutrition Rate

(B) Immunization Mumps Rubella

(C) Infant Mortality Rate

(D) Infant Mortality Ratio

आइ० एम० आर० का पूर्ण रूप क्या है?

(A) इंफैंट मैल्न्युट्रिशन रेट

(B) इम्यूनाइजेशन मम्प्स रुबेला

(C) इंफैंट मॉरटैलिटी रेट

(D) इंफैंट मॉरटैलिटी रेशिओ

**5.** What is one of the recommendations in the National Nutrition Policy, 1993? 1

(A) Emphasizing the importance of physical exercise for children

(B) Promoting use of technology in nutrition education

(C) Expanding ICDS and similar programmes

(D) Focusing on academic curriculum related to nutrition science



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

राष्ट्रीय पोषण नीति, 1993 में निम्नलिखित में से कौन-सी सिफारिश की गई है?

(A) बच्चों के लिए शारीरिक व्यायाम को महत्त्व देना

(B) पोषण शिक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रचार-प्रसार करना

(C) एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आइ० सी० डी० एस०) और समरूप प्रोग्रामों का विस्तार

(D) पोषण विज्ञान से संबंधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करना

*Or / अथवा*

What is emphasized as the undeniable right of every child in the National Policy for Children (NPC), 2013?

(A) Exclusive focus on physical health and survival

(B) Access to advanced technological education

(C) Comprehensive rights including survival, health, nutrition, development, education, protection and participation

(D) Strict enforcement of academic standards

राष्ट्रीय बाल नीति (एन० पी० सी०), 2013 में प्रत्येक बच्चे के अविवादित अधिकार के रूप में क्या जोरदार रूप से बताया गया है?

(A) शारीरिक स्वास्थ्य और उत्तरजीविता को लेकर अनन्य ध्यान

(B) उन्नत प्रौद्योगिकी शिक्षा की पहुँच

(C) उत्तरजीविता, स्वास्थ्य, पोषण, विकास, शिक्षा, सुरक्षा और भागीदारी सहित समृद्धि के सम्पूर्ण अधिकार

(D) शिक्षा मानकों का कड़ा प्रवर्तन

**6.** What is the primary vision of the National Early Childhood Care and Education (ECCE) Policy as stated in 2013? 1

(A) Focusing on academic achievements for children under six years of age

(B) Providing exclusive opportunities for gifted children

(C) Achieving holistic development and active learning capacity for all children below six years of age

(D) Prioritizing specialized care facilities over family environments



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा नीति (2013) का प्राथमिक दृष्टिकोण क्या है?

(A) छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की शैक्षिक उत्कृष्टताओं पर ध्यान केंद्रित करना

(B) प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विशेष अवसर प्रदान करना

(C) छह वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के लिए समग्र विकास और सक्रिय शिक्षा समता प्राप्त करना

(D) परिवार वातावरण के स्थान पर विशेषज्ञ देखभाल सुविधाओं को प्राथमिकता देना

*Or / अथवा*

What is the main aim of the National Health Policy (NHP)?

(A) Promotion of exclusive health care services for urban areas

(B) Implementation of medical pluralism and technological advancements

(C) Shaping health systems, investing in health and organizing health care services

(D) Focusing solely on disease prevention strategies

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एन० एच० पी०) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) शहरी बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देना

(B) चिकित्सा बहुलवाद और तकनीकी प्रगतियों का कार्यान्वयन

(C) स्वास्थ्य प्रणालियों को आकार देना, स्वास्थ्य में निवेश करना और स्वास्थ्य सेवाओं को व्यवस्थित करना

(D) केवल रोग निवारण रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना

**7.** What is the significance of fine motor skills in development of children? 1

(A) Fine motor skills involve large muscle for actions like walking and climbing

(B) Fine motor skills focus on development of internal organs such as lungs

(C) Fine motor skills help to control movements of the body such as crawling and running

(D) Fine motor skills involve small muscles and contribute to abilities like eye-hand coordination and holding objects


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

बच्चों के विकास में सूक्ष्म मांसपेशियों के कौशल का क्या महत्त्व है?

(A) सूक्ष्म मांसपेशियों के कौशल में मुख्य रूप से बड़ी मांसपेशियों से संबंधित गतिविधियाँ जैसे कि चलना और चढ़ना शामिल होते हैं

(B) सूक्ष्म मांसपेशियों के कौशल में आंतरिक अंगों के विकास पर ध्यान केंद्रित है जैसे कि फेफड़े

(C) सूक्ष्म मांसपेशियों के कौशल द्वारा रेंगने और दौड़ने जैसी शारीरिक गतिविधियों में मदद होती है

(D) सूक्ष्म मांसपेशियों के कौशल में छोटी मांसपेशियाँ शामिल होती हैं और आँख-हाथ समन्वय, वस्तुओं को पकड़ने जैसी क्षमताओं में योगदान करती हैं

*Or / अथवा*

What is a defining characteristic of formal thought in the formal operational stage?

(A) Concrete operational reasoning

(B) Hypothetico-deductive reasoning

(C) Limited mental operations

(D) Inability to solve abstract problems

मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में मूर्त विचार की परिभाषात्मक विशेषता क्या है?

(A) मूर्त संक्रियात्मक तर्कशक्ति

(B) परिकल्पित-निगमनात्मक तर्कशक्ति

(C) सीमित मानसिक प्रक्रियाएँ

(D) अमूर्त समस्याओं का समाधान करने की असमर्थता

**8.** What is known as two-week period after conception? 1

(A) Fetal stage

(B) Embryonic stage

(C) Germinal stage

(D) Maternal stage

गर्भाधान के बाद दो हफ्तों की अवधि को क्या कहा जाता है?

(A) गर्भावस्था

(B) भ्रूणावस्था

(C) डिंबावस्था

(D) मातृ अवस्था



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or* / *अथवा*

When does conception occur?

(A) Two weeks after fertilization

(B) Thirty-six hours after fertilization

(C) Around seven days after fertilization

(D) At the beginning of implantation

गर्भाधान कब होता है?

(A) निषेचन के दो हफ़्ते बाद

(B) निषेचन के छत्तीस घंटे बाद

(C) निषेचन के लगभग सात दिन बाद

(D) आरोपण की शुरुआत में

**9.** What is formed when a sperm cell combines with an egg cell? 1

(A) Embryo

(B) Fetus

(C) Zygote

(D) Blastocyst

जब एक शुक्राणु कोशिका एक अंड कोशिका के साथ मिलती है, तो क्या बनता है?

(A) भ्रूण

(B) गर्भ (फीटस)

(C) युग्मनज (ज़ाइगोट)

(D) ब्लास्टोसिस्ट

*Or* / *अथवा*

What happens about thirty-six hours after conception?

(A) Implantation begins

(B) Fertilization occurs

(C) Zygote division starts

(D) Uterine wall thickens

गर्भाधान के छत्तीस घंटे बाद क्या होता है?

(A) आरोपण शुरू होता है

(B) निषेचन होता है

(C) युग्मनज (ज़ाइगोट) विभाजन होता है

(D) गर्भाशय की दीवार मोटी होती है



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**10.** Which statement is true for nutrition of infants? 1

(A) Weaning should start before six months of age.

(B) Breast milk is proven to be a complete food for infants.

(C) Semi-solid foods are more nutritious than breast milk.

(D) Babies require nutrition supplement from birth.

शिशु-पोषण के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(A) स्तनपान छुड़ाना छह महीने पहले शुरू होना चाहिए।

(B) माँ का दूध शिशुओं के लिए पूर्ण आहार साबित होता है।

(C) अर्ध-ठोस आहार माँ के दूध से अधिक पौष्टिक है।

(D) शिशु को पैदा होने के तुरंत बाद पोषण-पूरक आहार (सप्लीमेंट) की आवश्यकता होती है।

*Or / अथवा*

What should be included in the diet of lactating mothers for sufficient milk production?

(A) Only meat, fish and eggs

(B) Cereals, pulses, fruits, vegetables, nuts and dairy products

(C) Strictly vegetarian diet

(D) Only fluid intake without solid foods

पर्याप्त दूध उत्पादन के लिए स्तनपान कराने वाली माताओं के आहार में क्या शामिल करना चाहिए?

(A) केवल मांस, मछली और अंडे

(B) अनाज, दालें, फल, सब्जियाँ, मेवे और डेयरी उत्पाद

(C) पूर्णतः शाकाहारी भोजन

(D) ठोस आहार के बिना, केवल तरल पदार्थ का सेवन



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**11.** Which of the following is ***not*** a component of language development in early childhood education? 1

(A) Oral expression (B) Listening skill

(C) Mathematical concept (D) Vocabulary

शिशु की प्रारंभिक शिक्षा में भाषा के विकास के घटक के रूप में क्या उल्लेख **नहीं** है?

(A) मौखिक अभिव्यक्ति (B) सुनने की क्षमता

(C) गणितीय अवधारणा (D) शब्दकोश

*Or / अथवा*

Which of the following is ***not*** an activity for affective domain in child development?

(A) Dramatizing stories (B) Singing songs

(C) Solving math problems (D) Reciting poems in rhythm

निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चों के भावनात्मक क्षेत्र के विकास के लिए गतिविधि के रूप में समझाया **नहीं** जाता है?

(A) कहानियों का नाटकीकरण (B) गाना गाया जाना

(C) गणित की समस्याओं को हल करना (D) लय में कविता गाना

**12.** How can Early Childhood Care and Education (ECCE) Centre gauge children's progress? 1

(A) Conducting weekly examinations

(B) Regular observations and daily record-keeping

(C) Monthly parent-teacher meetings

(D) Ignoring individual child assessments

एक प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) केंद्र में बच्चों की प्रगति को कैसे मापा जा सकता है?

(A) साप्ताहिक परीक्षण आयोजन के द्वारा

(B) नियमित अवलोकन और दैनिक रिकॉर्ड रखने से

(C) माता-पिता के साथ शिक्षक के मासिक बैठक से

(D) व्यक्तिगत शिशु मूल्यांकन को अनदेखा करने से



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

In what domains should observations be made to assess children's development?

(A) Cognitive only
(B) Social only
(C) All domains of development
(D) Physical only

बच्चों के विकास का मूल्यांकन करने के लिए अवलोकन किस क्षेत्र में किया जाना चाहिए?

(A) केवल संज्ञानात्मक क्षेत्र
(B) केवल सामाजिक क्षेत्र
(C) सभी विकास क्षेत्र
(D) केवल शारीरिक क्षेत्र

**13.** Which management style is characterized as the most controlling? 1

(A) Democratic
(B) Laissez-faire
(C) Autocratic
(D) Collaborative

सबसे अधिक 'नियंत्रित' किस प्रबंधन शैली के रूप में पाया जाता है?

(A) लोकतांत्रिक
(B) लैसेज-फेयर
(C) स्वायत्त
(D) सहयोगी

*Or / अथवा*

What do the overall safety and well-being of the children encompass in pre-school's management responsibilities?

(A) Only physical safety
(B) Overall safety, including physical and emotional well-being
(C) Only emotional well-being
(D) Safety only during specific hours

प्री-स्कूल की प्रबंधन जिम्मेदारियों में बच्चों की समग्र सुरक्षा और भलाई में क्या शामिल है?

(A) केवल शारीरिक सुरक्षा
(B) शारीरिक और भावनात्मक कल्याण सहित समग्र सुरक्षा
(C) केवल भावनात्मक कल्याण
(D) केवल विशिष्ट घंटों के दौरान सुरक्षा



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**14.** What is the responsibility of ECCE teachers in creating a supportive and nurturing learning environment? 1

(A) Leaving the classroom as it is

(B) Allocating space for different activities

(C) Ignoring children's learning styles

(D) Limiting the use of teaching materials

प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) शिक्षकों की समर्थनपूर्ण और संरक्षित शिक्षा वातावरण बनाने में क्या जिम्मेदारी है?

(A) कक्षा को ऐसे ही छोड़ना

(B) विभिन्न गतिविधियों के लिए स्थान आबंटित करना

(C) बच्चों की सीखने की शैलियों को अनदेखा करना

(D) शिक्षण सामग्री का उपयोग सीमित करना

*Or / अथवा*

What does an ECCE teacher need to ensure when using teaching and learning materials?

(A) Only high-cost materials

(B) Ignoring material procurement

(C) Age-inappropriate equipments

(D) Age-appropriate and safe materials

सिखाने और सीखने की सामग्री का उपयोग करते समय ई० सी० सी० ई० शिक्षक को क्या सुनिश्चित करना चाहिए?

(A) केवल उच्च मूल्य की सामग्री

(B) सामग्री प्राप्ति को अनदेखा करना

(C) आयु-प्रतिकूल उपकरण

(D) आयु-अनुकूल और सुरक्षित सामग्री

**15.** At what age does the transition from home to pre-school typically occur? 1

(A) Around age one year

(B) Around age three years

(C) Around age five years

(D) Around age six years

सामान्यतः घर से प्री-स्कूल की ओर स्थानांतरण किस आयु में होता है?

(A) लगभग एक वर्ष की आयु के आस-पास

(B) लगभग तीन वर्ष की आयु के आस-पास

(C) लगभग पाँच वर्ष की आयु के आस-पास

(D) लगभग छह वर्ष की आयु के आस-पास



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

What can help to reduce stress and anxiety for parents during a transition period?

(A) Sudden changes in routine

(B) Lack of information about expected changes

(C) School effort to support them

(D) Minimal communication about the transition

एक स्थानांतरण की अवधि के दौरान माता-पिता के लिए तनाव और चिंता को कम करने में कौन-सी बात मदद करती है?

(A) दिनचर्या में अचानक परिवर्तन

(B) अपेक्षित परिवर्तनों के बारे में जानकारी की कमी

(C) स्कूल के प्रयास उन्हें समर्थन देने के लिए

(D) स्थानांतरण के बारे में न्यूनतम संवाद

**16.** What is potential outcome of promoting multilingual proficiency in children? 1

(A) Decreased retention in school

(B) Limited communication with teachers

(C) Improved self-confidence

(D) Exclusion from outside world

बच्चों में बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देने का संभावित परिणाम क्या है?

(A) स्कूल में ठहराव में कमी

(B) शिक्षकों के साथ सीमित संचार

(C) आत्मविश्वास में सुधार

(D) बाहरी दुनिया से बहिष्कार

*Or / अथवा*

What should be the approach for first-generation learners in the initial years of education?

(A) Emphasize learning multiple languages

(B) Focus on English language proficiency

(C) Prioritize mother tongue for teaching

(D) Discourage language learning at home

शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए सुझाया गया दृष्टिकोण क्या है?

(A) अनेक भाषाएँ सीखने पर जोर दें

(B) अंग्रेजी भाषा दक्षता पर ध्यान दें

(C) शिक्षण के लिए मातृभाषा को प्राथमिकता दें

(D) घर पर भाषा सीखने को हतोत्साहित करना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Read the passage given below. Based on your understanding of the passage, answer the questions **17** to **19** :

Pre-school and kindergarten teachers are at an advantageous position to catch the early signs and symptoms of a developmental delay or disability and to identify children who are at risk in learning and school. Teachers need to be aware of symptoms and share their observations and concerns with parents and other specialists. The purpose of early identification is to determine which children have developmental problems that may be obstacles to learning or that places children at risk. Development in early childhood years is characterized by broad variability in rates and patterns of maturation. At present no clear distinction can be made in early years between children whose problems may persist and those who will make adequate progress with time. Therefore young children who demonstrate difficulties in early development may or may not be at risk for learning disabilities.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए। गद्यांश की अपनी समझ के आधार पर, प्रश्न सं० **17** से **19** तक के उत्तर दीजिए :

विकासात्मक विलंब या अक्षमता के पूर्व संकेतों और लक्षणों को पहचानने के लिए पूर्व-स्कूली और किंडरगार्टेन के शिक्षक एक अनुकूल स्थिति में हैं, और उनमें उन बच्चों की पहचान करने की क्षमता है जो सीखने और स्कूल में जोखिम में हैं। शिक्षकों को लक्षणों के बारे में जागरूक रहना चाहिए और उन्हें माता-पिता और अन्य स्कूल विशेषज्ञों के साथ अपना अवलोकन और चिंताएँ साझा करनी चाहिए। पहले पहचान का उद्देश्य यह तय करना है कि कौन-कौन से बच्चों में विकास की समस्याएँ हैं जो शिक्षा में बाधा डाल सकती हैं या बच्चों को खतरे में डाल सकती हैं। शिशुकाल में विकास को व्यापक रूप से परिपक्वता की दरों और घटनाओं के पैटर्न में व्यापक असमानता के रूप में वर्णित किया जाता है। वर्तमान में, पहले वर्षों में उन बच्चों के बीच कोई स्पष्ट विभाजन नहीं किया जा सकता है जिनकी समस्याएँ बनी रह सकती हैं और जिनमें समय के साथ पर्याप्त प्रगति हो सकती है। इसलिए जो छोटे बच्चे शिशुकाल में प्रारंभिक विकास में समस्याएँ दिखाते हैं, उनमें से कुछ शिक्षा की अक्षमता के लिए खतरे में हो सकते हैं और नहीं भी हो सकते हैं।

**17.** Attempt any *two* of the following : 1×2=2

*(a)* What is the purpose of early identification mentioned in the paragraph?

*(b)* Is there a clear distinction between children whose developmental problems may persist and those who will make progress?

*(c)* _____ and _____ teachers play a crucial role in identifying developmental delays in young children. (Fill in the blanks)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(क) पैराग्राफ में पहले पहचान करने का क्या उद्देश्य बताया गया है?

(ख) क्या उन बच्चों के बीच कोई अंतर स्पष्ट है जिनकी विकास-संबंधी समस्याएँ बनी रह सकती हैं और जो प्रगति करेंगे?

(ग) _____ और _____ शिक्षक छोटे बच्चों के विकासात्मक विलंब की पहचान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

**18.** Attempt any *two* of the following : 1×2=2

*(a)* What should teachers do if they observe symptoms of developmental delays?

*(b)* Why are pre-school and kindergarten teachers considered as advantageous in identifying developmental delays?

*(c)* In early childhood years, development is characterized by broad variability in _____ and _____ of maturation. (Fill in the blanks)

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(क) यदि शिक्षकों को विकासात्मक विलंब के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें क्या करना चाहिए?

(ख) पूर्व-स्कूली और किंडरगार्टेन शिक्षकों को विकासात्मक विलंब की पहचान करने में लाभप्रद क्यों माना जाता है?

(ग) शिशुकाल में विकास को व्यापक रूप से परिपक्वता की _____ और _____ में व्यापक असमानता के रूप में वर्णित किया जाता है। (रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

**19.** *(a)* What is the challenge in the early identification of developmental problems in young children? 1×2=2

*(b)* Why is early identification of developmental delays important for children in the pre-school and kindergarten years?

(क) छोटे बच्चों में विकासात्मक समस्याओं की प्रारंभिक पहचान में क्या चुनौती है?

(ख) पूर्व-स्कूली और बालवाड़ी के वर्षों में बच्चों के लिए विकासात्मक विलंब की प्रारंभिक पहचान क्यों महत्त्वपूर्ण है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**20.** Match Column—A with Column—B : 1×4=4

| | *Column—A* | | *Column—B* |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Lack of resources | *(i)* | Primary health care and immunization |
| *(b)* | Child mortality | *(ii)* | Multilingual pluralistic society |
| *(c)* | India | *(iii)* | Ill health, unhygienic living conditions |
| *(d)* | ICDS centres | *(iv)* | Total number of child deaths under the age of five years per 1000 live birth |

कॉलम-अ का कॉलम-ब से मिलान कीजिए :

| | **कॉलम—अ** | | **कॉलम—ब** |
|---|---|---|---|
| *(a)* | संसाधनों की कमी | *(i)* | प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और टीकाकरण |
| *(b)* | बाल मृत्यु दर | *(ii)* | बहु-भाषिक बहुलतावादी समाज |
| *(c)* | भारत | *(iii)* | खराब स्वास्थ्य और रहने की अस्वास्थ्यकर दशाएँ |
| *(d)* | आइ० सी० डी० एस० केन्द्र | *(iv)* | प्रति 1000 जीवित जन्मों पर पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतें |

*Or / अथवा*

Match Column–A with Column–B : 1×4=4

| | *Column—A* | | *Column—B* |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Article 14 | *(i)* | The tender age of children is not abused |
| *(b)* | Article 45 | *(ii)* | Raising of the level of nutrition |
| *(c)* | Article 47 | *(iii)* | Shall not deny to any person equality |
| *(d)* | Article 39 | *(iv)* | Free and compulsory education |

| | **कॉलम—अ** | | **कॉलम—ब** |
|---|---|---|---|
| *(a)* | धारा 14 | *(i)* | बच्चों की कच्ची उम्र का दुरुपयोग नहीं किया जाए |
| *(b)* | धारा 45 | *(ii)* | पोषण के स्तर में वृद्धि |
| *(c)* | धारा 47 | *(iii)* | किसी भी व्यक्ति की समानता से इनकार नहीं करेगा |
| *(d)* | धारा 39 | *(iv)* | निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**21.** Write True (T) or False (F) for any *two* of the following : 1×2=2

*(a)* Early years of children's life are very important due to fast growth and development in all domains.

*(b)* ECCE means ensuring health and nutrition only.

*(c)* Home and school environment do not affect development of children.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के लिए सही अथवा गलत लिखिए :

(क) बच्चों के जीवन के प्रारंभिक वर्ष अति महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि इस दौरान उनके सभी वृद्धि और विकास के आयामों में तीव्र वृद्धि और विकास होता है।

(ख) ई० सी० सी० ई० का अभिप्राय स्वास्थ्य और पोषण-संबंधी अवसरों को ही केवल उपलब्ध कराना है।

(ग) घर और स्कूल का वातावरण बच्चों के विकास को प्रभावित नहीं करता है।

**22.** Write True (T) or False (F) for any *one* of the following : 1

*(a)* Rajiv Gandhi National Creche Scheme for the Children of Working Mothers aims to establish creches and provide quality day care facilities for children of working mothers.

*(b)* Samagra Shiksha Abhiyan encompasses education extending from pre-school to degree level.

निम्नलिखित में से किसी **एक** के लिए सही अथवा गलत लिखिए :

(क) कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए राजीव गाँधी राष्ट्रीय शिशुगृह योजना का उद्देश्य कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए शिशुगृह की स्थापना तथा दिन में गुणवत्तापूर्ण देखभाल की सुविधा प्रदान करना है।

(ख) समग्र शिक्षा अभियान पूर्व-स्कूल से लेकर डिग्री स्तर तक की शिक्षा को समाहित करता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**23.** The National Early Childhood Care and Education Framework aims to promote quality and excellence in early childhood care and education. 1

[Write True (T) or False (F)]

राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पाठ्यक्रम की रूपरेखा का उद्देश्य ई० सी० सी० ई० में गुणवत्ता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। [सही (T) अथवा गलत (F) लिखिए]

**24.** Fill in the blanks any *two* of the following : 1×2=2

*(a)* _____ described morality through heteronomous and autonomous morality.

*(b)* During _____ stage, children believe rules as being universal and fixed.

*(c)* Children's interaction with people starts with _____.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(क) _____ ने नैतिकता को नियम पालन की नैतिकता और रजामंदी की नैतिकता के द्वारा व्यक्त किया है।

(ख) _____ अवस्था के दौरान बच्चे मानते हैं कि नियम सार्वभौमिक और निश्चित हैं।

(ग) लोगों के साथ बच्चों की बातचीत _____ से शुरू होती है।

**25.** Fill in the blank any *one* of the following : 1

*(a)* A _____-month-old child can stand holding furniture.

*(b)* Language is the tool for _____.

निम्नलिखित में से किसी **एक** की रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(क) एक _____ माह का बच्चा फर्नीचर पकड़कर खड़ा हो सकता है।

(ख) भाषा _____ का साधन है।

**26.** When children are in _____ years age group, they are ready to go to pre-school. (Fill in the blank) 1

जब बच्चे _____ वर्ष की उम्र के दायरे में होते हैं, वे प्री-स्कूल में जाने के लिए तैयार हो चुके होते हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

Write one word answer for the Question Nos. **27** to **29**.
प्रश्न संख्या **27** से **29** तक के लिए एक शब्द में उत्तर दें :

**27.** Attempt any *three* questions : 1×3=3

*(a)* What does a high-quality ECCE programme provide?

*(b)* What are two main types of child care settings?

*(c)* Who should maintain close communication at an ECCE centre?

*(d)* What environment should parents and teachers create?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) एक उच्च गुणवत्ता वाला ई० सी० सी० ई० कार्यक्रम क्या प्रदान करता है?

(ख) दो प्रमुख प्रकार के बच्चों की देखरेख की सेटिंग्स क्या हैं?

(ग) एक ई० सी० सी० ई० केन्द्र में किनके बीच नज़दीकी संप्रेषण बना होना चाहिए?

(घ) माता-पिता और शिक्षक को किस प्रकार का वातावरण बनाकर रखना चाहिए?

**28.** Attempt any *two* questions : 1×2=2

*(a)* Write an activity for cognitive development.

*(b)* Write an activity for language development.

*(c)* Which activity can promote stimulation of affective domain?

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) संज्ञानात्मक विकास में मदद करने वाली कोई भी एक गतिविधि का नाम लिखिए।

(ख) भाषा के विकास में मदद करने वाली गतिविधि का नाम लिखिए।

(ग) कौन-सी गतिविधि के द्वारा मनोगत्यात्मक (भावात्मक) विकास हो सकता है?

**29.** Attempt any *one* question : 1

*(a)* Which activity can promote creative appreciation?

*(b)* How can children engage in creative movement?

किसी **एक** का उत्तर दीजिए :

(क) कौन-सी गतिविधि के द्वारा सृजनात्मक सराहना के विकास में मदद हो सकती है?

(ख) बच्चे किस प्रकार की सृजनात्मक गति में लग सकते हैं?

**30.** Why is it necessary to document and keep records for all children? Give any *two* specific reasons. 2

सभी बच्चों के लिए दस्तावेज और रिकॉर्ड रखना क्यों आवश्यक है? कोई भी **दो** विशिष्ट कारण बताइए।

*Or / अथवा*

What do the school records include?

स्कूल रिकॉर्ड में क्या शामिल हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**31.** What quality should ECCE teachers possess to conduct activities smoothly? 2

गतिविधि को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ई० सी० सी० ई० शिक्षकों में कौन-से गुण होने चाहिए?

*Or / अथवा*

Why are communication skills important for ECCE teachers?

ई० सी० सी० ई० शिक्षकों के लिए संचार कौशल क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?

**32.** What are motor skills? What are the *two* broad types of motor skills children develop? 2

गत्यात्मक कौशल क्या हैं? बच्चों में विकसित होने वाले **दो** व्यापक प्रकार के मोटर कौशल कौन-से हैं?

**33.** What period does infancy encompass? Write any *two* reflexes of infants. 2

शैशवावस्था किस अवधि में आती है? शिशु की कोई भी **दो** प्रतिक्रियाएँ लिखिए।

**34.** How is the growth rate of children aged three to six years compared to that of infants? 2

तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों की वृद्धि दर शिशुओं की तुलना में कैसी है?

**35.** Write down *two* examples each of gross motor and fine motor skills developed by children aged three to six years. 2

तीन से छह वर्ष तक के बच्चों में विकसित होने वाले स्थूल गत्यात्मक कौशल और सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल में से प्रत्येक के **दो** उदाहरण लिखिए।

**36.** Discuss the factors affecting transition to school. 3

घर से स्कूल की तत्परता को प्रभावित करने वाले घटकों पर चर्चा कीजिए।

**37.** What steps will you take to ensure gender equitable participation of children in a pre-school? 3

प्री-स्कूल में बच्चों की समतामूलक लैंगिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आप कौन-से कदम उठाएँगे?

*Or / अथवा*

What are the implications of multilingualism for an ECCE centre?

एक ई० सी० सी० ई० केन्द्र के लिए बहुभाषिता के क्या निहितार्थ हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**38.** What is the impact of early childhood on subsequent life? 3

प्रारंभिक बाल्यावस्था का बचपन के बाद के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

*Or / अथवा*

What is the constitutional view of childhood in India?

भारत में बाल्यावस्था का संवैधानिक दृष्टिकोण क्या है?

**39.** Explain the meaning of the term ECCE. 3

ई० सी० सी० ई० के अर्थ की व्याख्या कीजिए।

*Or / अथवा*

Discuss the key components of ECCE.

ई० सी० सी० ई० के प्रमुख घटकों पर चर्चा कीजिए।

**40.** Explain the significance of sensory stimulation. 3

संवेदी उद्दीपन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

**41.** How does play develop? 3

खेल का विकास कैसे होता है?

**42.** Explain the types of play in early years. 5

प्रारंभिक वर्षों में खेल के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

*Or / अथवा*

Describe any *two* activities for social development among children.

बच्चों में सामाजिक विकास के लिए कोई भी **दो** गतिविधियाँ बताइए।

**43.** Why should children be provided with ample fine motor and gross motor activities? 5

छोटे बच्चों को प्रचुर सूक्ष्म गत्यात्मक और स्थूल गत्यात्मक गतिविधियाँ प्रदान क्यों करनी चाहिए?

*Or / अथवा*

Explain why we say that development in all domains takes place in integrated manner.

स्पष्ट कीजिए कि हम यह क्यों कहते हैं कि सभी क्षेत्रों में विकास एकीकृत तरीके से होता है।

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279